हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 22 अप्रैल 2024
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 तमोर पिंगला अभयारण में वृद्धा पर हाथी ने किया हमला, मौत



## खबर संक्षेप

### ड्यूटी से नदारद डॉक्टर व नर्स को नोटिस जारी

**अंबिकापुर।** लुंड्रा विकासखंड के रघुनाथपुर पीएचसी में मरीजों को चौकीदार द्वारा इंजेक्शन लगाने के मामले को स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में सीएमएचओ द्वारा ड्यूटी डॉक्टर व नर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और नोटिस का जवाब आने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बता दें कि रघुनाथपुर पीएचसी में चौकीदार द्वारा मरीजों का उपचार करने और इंजेक्शन लगाने का वीडियो वायरल हुआ था। अस्पताल में जब ग्रामीण पेट दर्द के मरीज को लेकर पहुंचे तो डॉक्टर नदारद थे और एक चौकीदार मरीजों का उपचार कर रहा था जबकि इस रघुनाथपुर जिले के एकमात्र ऐसा पीएचसी है जहां चार चार डॉक्टर पदस्थ है। डॉक्टर के अनुपस्थित रहे और चौकीदार द्वारा इंजेक्शन लगाने का वीडियो बनाकर लोगों ने वायरल कर दिया था। हरिभूमि द्वारा भी इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से 21 अप्रैल के अंक में प्रकाशित किया गया जिसके बाद मामले को सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता ने गंभीरता से लिया है। सीएमएचओ के निर्देश पर ड्यूटी डॉक्टर व नर्स को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि घटना दिवस की रात अस्पताल में सिर्फ एक नर्स की ड्यूटी लगाई गई थी जो पूर्ण रूप से गलत है। नियमतः डॉक्टर की ड्यूटी लगती है और उनकी निगरानी में नर्स इंजेक्शन लगा सकती है। वहीं लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले चौकीदार पर क्या कार्रवाई होगी यह भी फिलहाल तय नहीं हुआ है। सीएमएचओ डॉ. गुप्ता ने जांच उपरान्त कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

### तीन जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** हार जीत का दाव लगा रहे तीन जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। क्षेत्र में गश्त कर रहे भटगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम श्याम नगर बांस प्लांटेशन में बड़ी संख्या में युवक एकत्र होकर हार जीत का दांव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे लटोरी निवासी जिबराईल आ.मो. हुसैन (48 वर्ष), भटगांव निवासी संतराम आ. सुरेश राजवाडे (35 वर्ष) व ग्राम खोपा निवासी रामनारायण राजवाडे आ. शिवमंगल राजवाडे (40 वर्ष) को पकड़ा जबकि पुलिस को आते देख कई जुआरी भागने में सफल हो गए। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 2 हजार 70 रूपए जब्त किया।

### रामगढ़ मेला पार्किंग से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम लैंगा निवासी लालू प्रसाद यादव आ. नर्मदा प्रसाद यादव (31 वर्ष) 16 अप्रैल को परिवार के साथ बाइक क्रमांक सीजी 16 सीजी 9729 से रामगढ़ मेला देखने गया था। युवक बाइक को पार्किंग में खड़ा कर परिवार के साथ मेला देखने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट उदयपुर थाने में दर्ज कराई।

## दिनभर आकाश में मंडराता रहा हेलीकॉप्टर

# पीएम के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर, एसपीजी ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएम मोदी की आमसभा को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही है। पीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर एसपीजी की टीम भी सरगुजा पहुंची चुकी है। जबकि आज स्वयं सीएस, डीजीपी व पुलिस के आला अधिकारी भी सरगुजा पहुंची। इधर पीएम के आगमन को लेकर सेना का एमआई 17 हेलीकॉप्टर शहर के ऊपर दिनभर चक्कर काटता रहा। इस दौरान गांधी स्टेडियम में हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग भी कराई गई जबकि एसपीजी के अधिकारियों ने सुरक्षा जायजा लिया। बता दें कि 24 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरगुजा आ रहे है। पीएम के सरगुजा आगमन को लेकर भाजपा द्वारा जोरशोर से तैयारियां की जा रही है। पीएम की आम सभा शहर के पीजी कॉलेज मैदान में होगी जिसमें एक लाख से अधिक लोगों की भीड़ पहुंचने की संभावना है। पीएम की सभा को लेकर विशाल डोम का निर्माण पीजी कॉलेज मैदान में कराया जा रहा है। कार्यक्रम में संभागभर से बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचेंगे। पीएम के आगमन के पूर्व आज प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय व क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल सरगुजा पहुंचे थे और तैयारियों की समीक्षा की। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 अप्रैल की सुबह 10.30 बजे प्रधानमंत्री सरगुजा पहुंचेंगे और गांधी स्टेडियम में उनका हेलीकॉप्टर लैंड करेगा और उसके बाद वे पीजी कॉलेज मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे।

**खास बात**
- पहुंचे आला अधिकारी व संगठन के नेता



ट्रायल लैंडिंग करता हेलीकॉप्टर।

### सीएस, डीजीपी के लिया जायजा

आज पीएम के आगमन को लेकर प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा भी सरगुजा पहुंचे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, हेलीपेड, दरिमा एयरपोर्ट व अन्य स्थानों का जायजा लेने के साथ ही अधिकारियों से पीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। आला अधिकारियों ने पीएम के प्रोटोकॉल, रूट चार्ट के साथ ही कार्यक्रम के दौरान शहर की व्यवस्था को लेकर गहन समीक्षा की। इस दौरान इस दौरान आईजी, संभागायुक्त कलेक्टर, एसपी के साथ ही अन्य जिलों के एसपी व आला अधिकारी मौजूद थे।

### कराई गई ट्रायल लैंडिंग

पीएम के आगमन के पूर्व आज दिनभर आसमान में सेना का हेलीकॉप्टर मंडराता रहा। काफी नीचे उड़ते हेलीकॉप्टर को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी रही। सेना के एमआई 17 हेलीकॉप्टर ने शहर में काफी नीचे उड़ान भरी और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। वहीं हेलीकॉप्टर की गांधी स्टेडियम में दो बार ट्रायल लैंडिंग भी कराई गया। वहीं पीएम की सुरक्षा को लेकर एसपीजी की टीम भी सरगुजा पहुंच चुकी है और सुरक्षा की कमान संभाल चुकी है। ऐसे में जमीन से लेकर आसमान तक पीएम की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है और अधिकारी लगातार सुरक्षा मानकों की समीक्षा कर रहे है।



# 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अम्बिकापुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 24 अप्रैल को अम्बिकापुर में होने वाली आम सभा को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने रविवार को भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर विधायक भुलन सिंह मरावी, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता तथा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी की उपस्थिति में श्री नेताम ने कहा कि 24 अप्रैल को तीसरी बार माँ महामाया की नगरी अम्बिकापुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन हो रहा है। इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जी-जान से लगे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी को देखने व सुनने के लिए सरगुजा की जनता आतुर है। प्रधानमंत्री मोदी का 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे पीजी कॉलेज मैदान में संबोधन होगा। उनके आगमन को लेकर सरगुजा की जनता में भारी उत्साह है। लगभग 1 लाख से ज्यादा भीड़ उनकी सभा में जुटने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मोदी लहर है तथा तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता आतुर है। अबकी बार 400 पार केवल नारा नहीं बल्कि सच्चाई है तथा यह हकीकत में बदलने जा रहा है। ये वही अम्बिकापुर है जिसने लालकिला बनाकर मोदी जी का भाषण कराया था जब वे भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनकर यहां आये थे। इस बार भी हम सरगुजा संसदीय सीट ऐतिहासिक मतो से जीतकर उन्हें तोहफा देने जा रहे हैं।

- नेताम ने कहा तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने आतुर है जनता

# युवती को शादी का झांसा देकर 12 वर्षों तक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोटछाल निवासी कलिपदेव बड़ा से वर्ष 2011 से जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी ने युवती को पसंद करने और शादी का झांसा देकर दिसंबर 2011 में दुष्कर्म किया था। इसके बाद लगातार 12 वर्षों से आरोपी कपिलदेव बड़ा युवती से दुष्कर्म करता रहा और जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। ऐसे में युवती द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में कोटछाल निवासी 32 वर्षीय कपिलदेव बड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2) (एन) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भरत लाल साहू, प्रधान आरक्षक नन्द कुमार प्रजापति, आरक्षक पंकज देवांगन, रुपेश महंत, उमेश गुप्ता, धनकेश्वर यादव शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# चोरी की बाइक पर तलवार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चोरी की बाइक में तलवार लेकर खुलेआम घूमने और लोगों को डराने के मामले में पुलिस ने आदतन अपराधी को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी युवक से चोरी की बाइक व तलवार जब्त करने के साथ ही आर्म्स एक्ट व चोरी की धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बतौली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम शिवपुर में एक युवक बाइक से घूम रहा है और तलवार लेकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना मिलने के बाद बतौली पुलिस द्वारा क्षेत्र में घेराबंदी कर बाइक सवार युवक को पकड़ा गया। पकडे गए युवक की पहचान बतौली के मानपुर निवासी 24 वर्षीय अमेरिकन सिंह पैकरा के रूप में की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि बाइक चोरी की है। उक्त बाइक को आरोपी ने रायगढ़ के लैलूंगा से चोरी किया था और उसके बाद तलवार लेकर बाइक से घूम रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और इसके खिलाफ चोरी, डकैती जैसे गंभीर अपराध दर्ज है और युवक इन मामलों में जेल भी जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को धारा 41(1-4)/379 भा.द.वि.एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, प्रधान आरक्षक फलेन्द्र सिंह पैकरा, महिला आरक्षक मेरी क्लोरेट, आरक्षक राजेश खलखो, अशोक भगत, एहसान फिरदौसी, मुरली यादव, जयनाथ भगत, भगलू राम भगत शामिल रहे।

- चोरी डकैती के मामले में जा चुका है जेल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त बाइक।

# बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्राम सरमा मुख्य मार्ग पर दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो जाने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम ऊंचडीह निवासी मोहन प्रसाद राजवाड़े आ. रूपनारायण राजवाड़े शनिवार की शाम लगभग 8 बजे भाई नंदकेश्वर राजवाड़े व साला कोमल राजवाड़े के साथ बाइक से ग्राम नमदगिरी से सरमा आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सरमा मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दोनों बाइक की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मोहन प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं उसके साथ बैठे दोनों युवक घायल हो गए। इधर घटना को देख घनश्याम व राजलाल ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां मोहन प्रसाद की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं दो घायलों का उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट रूपनारायण राजवाडे ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

- नमदगिरी से जा रहे थे सरमा, घायलों का चल रहा उपचार

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अम्बिकापुर। शादी पार्टी में शामिल होकर अकेले घर लौट रहे बाइक सवार युवक को एनएच 43 लमगांव के समीप स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम चेन्द्रा निवासी पिन्टू खलखो आ. मुन्ना खलखो (35 वर्ष) शनिवार की शाम ग्राम हरामार निवासी परिचित के यहां शादी पार्टी में शामिल होने गया था। युवक पार्टी में शामिल होने के पश्चात रात को अकेले बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 43 स्थित ग्राम लमगांव के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 11 बी 1755 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने घटना कारित स्कार्पियो वाहन को जब्त कर लिया। घायल युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# पुलिस ने पांच मवेशी तस्करों को पकड़ा, बूचड़ खाना तक पहुंचाने मिलते थे 2-2 हजार

**सीतापुर।** पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में पांच आरोपियों को पकड़ने के साथ ही 20 रास मवेशी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति ग्राम गुतूरमा की ओर से बड़ी संख्या में मवेशियों को हांकते हुए बूचड़खाना लेकर जा रहे है। सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर बतौली सिलमा निवासी 40 वर्षीय बिरबल तिर्की, सरमना निवासी 35 वर्षीय भोरस पैकरा, पथरई निवासी 43 वर्षीय सदाशिव पैकरा, 35 वर्षीय सतीश कुमार पैकरा, जशपुर जिले के बगीचा सरडीह निवेश 30 वर्षीय ब्रेरसन किंडो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने 20 रास मवेशियों को झारखंड के बूचड़ खाना ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपियों पर छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6,10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 11 (1) (घ) के तहत कार्रवाई की है लेकिन इस कार्रवाई के दौरान कई सवाल भी सामने आए है। बताया जा रहा है कि आरोपियों को मुख्य तस्करों द्वारा मवेशियों को बूचड़खाना तक पहुंचाने के लिए 2-2 हजार रुपए दिए जाते थे। आरोपियों ने मवेशी तस्करों का नाम भी पुलिस के सामने लिया है। वहीं मुख्य तस्करों द्वारा भी थाने में पदस्थ कुछ पुलिसकर्मियों पर रुपए लेने का आरोप लगाया है ऐसे में पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। इस कार्रवाई में थाना बतौली से एसआई रामनारायण पटेल, रमेश राय, प्रधान आरक्षक रंजीत लकड़ा, आरक्षक दिलसुख, जयईश्वर पैकरा, अलोक गुप्ता, मनोहर पैकरा शामिल रहे।



## ककना स्थित शांति राइस मिल का मामला, लाखों के नुकसान का अनुमान

# राइस मिल में लगी भीषण आग, तीन जिलों की 6 दमकल वाहन लगी आग बुझाने में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

रविवार की दोपहर ककना स्थित राइस मिल में भीषण आग लग गई। चावल व धान के गोदाम में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद जिला व पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी। इसके साथ ही दमकल की टीम को सूचना दी गई। सूचना के बाद अंबिकापुर से 4 व बलरामपुर एवं सूरजपुर से 1-1 से एक दमकल वाहन मौके पर पहुंची और दमकल विभाग द्वारा आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। घंटों मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है और समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का कार्य जारी था। इस घटना में संचालक को लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है जबकि शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ककना में अंबिकापुर निवासी योगेश अग्रवाल की शांति राइस मिल संचालित है। राइस मिल में भारी मात्रा में धान व चावल का भण्डारण किया गया है। रविवार की दोपहर राइस मिल के गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम से धुंआ उठता देख वहां काम करने वाले कर्मचारियों ने इसकी जानकारी संचालक को दी जिसके बाद संचालक ने तत्काल पुलिस व एसडीएम को मामले की जानकारी देकर मदद मांगी। सूचना मिलते ही एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर, चौकी प्रभारी सुभाष कुजूर मौके पर पहुंचे इसके साथ ही दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर अंबिकापुर से कमांडेंट एसके कठोतिया के नेतृत्व में दमकल की दो वाहनें ककना पहुंची जबकि एक दमकल वाहन बलरामपुर से मंगवाया गया। दमकल विभाग द्वारा आग आग बुझाने का काम शुरू किया गया। आग इतना विकराल रूप ले चुकी थी कि दमकल की टीम को आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग पर कम नहीं होने पर अंबिकापुर के साथ ही सूरजपुर से भी दमकल की और गाड़ियां मंगवाई गई। अंबिकापुर से 4 एवं सूरजपुर व बलरामपुर से 2 कुल छह दमकल वाहनों की मदद से आग बुझाया जा रहा था लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका था।



### परिसर में बोर नहीं, अग्निशमन यंत्र भी नहीं

बताया जा रहा है कि जिस राइस मिल में आग लगी वहां आग से बचाव के लिए किसी प्रकार के सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए गए थे। राइस मिल में आग लगने पर तात्कालिक रूप से आग बुझाने में अहम योगदान देने वाले उपकरण नहीं थे इसके साथ ही परिसर में बोर भी नहीं था। पास से पेट्रोल पम्प से अग्निशमन यंत्र लाकर आग बुझाया जा रहा था इसके साथ ही पानी के लिए बार बार दमकल की वाहनों को दूर जाना पड़ रहा था और इसी वजह से आग बुझाने में देरी हो रही थी। कमांडेंट श्री कठोतिया ने बताया कि राइस मिल में अग्निशमन यंत्र नहीं थे और बोर की व्यवस्था नहीं होने के कारण आग बुझाने में ज्यादा समय लग रहा है।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### प्राइम वीडियो पर 'रोड हाउस' हिट होते ही लग गई लॉटरी

जेक जिलेनहाल की फिल्म 'रोड हाउस' अमेजन की सबसे बड़ी लॉन्च बन गई है, इस फिल्म को अब तक की 50 मिलियन दर्शकों ने देखा है। 'रोड हाउस' की रिलीज के बाद अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने जेक जिलेनहाल की 'नाइन स्टोरीज कंपनी' के साथ तीन साल का फर्स्ट-लुक डील साइन किया है। इस डील में अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के साथ फिल्म की थिएटर और ओटीटी स्ट्रीमिंग रिलीज भी शामिल हैं। गौरतलब है कि जिलेनहाल हाल ही में 'रोड हाउस' में नजर आए थे, जो पैट्रिक स्वेज की फिल्म की रीमेक थी। यह फिल्म 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसे दुनियाभर में अब तक 50 मिलियन से अधिक दर्शक देख चुके हैं। इससे पहले जिलेनहाल 'गाइ रिची की द कॉवेनेंट' में नजर आए थे। इस फिल्म को एमजीएम स्टूडियोज ने पिछले साल रिलीज किया था। जिलेनहाल ने साल 2015 में रीवा मार्कर के साथ 'नाइन स्टोरीज' की स्थापना की थी। हाल ही में इस कंपनी ने एंटोनी फूक्वा की 'द गिल्टी' का निर्माण किया। इस फिल्म में भी जिलेनहाल ने अभिनय किया था। इसके अलावा इस कंपनी ने पॉल डैनो के निर्देशन की पहली फिल्म 'वाइल्डलाइफ' का भी निर्माण किया था, इस फिल्म में कैरी मुलिगन नजर आए थे। इसके अलावा कंपनी ने डेविड गॉर्डन ग्रीन की 'स्ट्रॉन्गर' भी बनाई थी, जिसमें जिलेनहाल ने जेफ बाउमन की भूमिका निभाई थी, जो बोस्टन मैराथन बम विस्फोट में जीवित बचे जेफ बाउमन की कहानी थी। इसके अलावा भी कंपनी कई चर्चित फिल्मों का निर्माण किया। हालांकि, साल 2002 में मार्कर ने लिंडेन एंटरटेनमेंट के लिए नाइन स्टोरीज कंपनी छोड़ दी। इस डील को लेकर अमेजन एमजीएम स्टूडियो के जूली रैपापोर्ट ने कहा, 'जेक में एक अनोखी प्रतिभा है, फिल्म निर्माण के प्रति उनका जुनून साफ नजर आता है। कैमरे के सामने और पर्दे के पीछे कहानीकार के रूप में भी जेक शानदार हैं। 'रोड हाउस' की रिकॉर्ड-तोड़ सफलता के बाद हम अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर और मजबूत बनाने चाहते थे। जिसके लिए यह सबसे बेहतर समय है। इस डील से आगामी फिल्में को लेकर हम काफी उत्सुक हैं'।



## टॉलीवुड

### 14 साल बाद ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन फिर दिखेंगे साथ-साथ

दक्षिण भारत के कमाल के अभिनेताओं के सूची ममूटी के नाम के बिना हमेशा अधूरी रहेगी। मलयालम सुपरस्टार ममूटी अपने अभिनय के दम पर ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनके प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर टिकाए बैठे रहते हैं। ममूटी के प्रशंसक उनकी कोई भी फिल्म छोड़ना नहीं चाहते। अब उनके चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ममूटी जल्द ही पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें दो बड़े सुपरस्टार एक साथ दिखेंगे। कहा जा रहा है कि ममूटी और पृथ्वीराज इस फिल्म में हीरो और विलेन की भूमिका अदा करने जा रहे हैं। इस फिल्म को एक नए निर्देशक द्वारा बनाने की भी चर्चा चल रही है। वहीं, इसका निर्माण एंटो जोसेफ कर सकते हैं।

ऐसी खबर है कि इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो 14 साल के लंबे अंतराल के बाद दर्शकों को ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन को एक साथ देखने का मौका मिलेगा। दोनों ने आखिरी बार एक साथ साल 2010 में काम किया था। वे फिल्म 'पोक्किरी राजा' में नजर आए थे। ममूटी की पिछली फिल्म 'ब्रमायुगम' सुपर हिट साबित हुई थी। वहीं, पृथ्वीराज सुकुमारन ने फिल्म 'द गोट लाइफ' में दमदार अभिनय किया था। यह एक सर्वाइवल ड्रामा फिल्म है, जिसमे उन्होंने नजीब का किरदार निभाया हैं। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। हाल ही में, उनकी हिंदी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' भी रिलीज हुई है, जो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है।

## भोजपुरी

### अक्षरा सिंह के लिए प्रेमी से 'जानवर' कैसे बन गए थे पवन सिंह? क्या है विवाद?

पवन सिंह और अक्षरा सिंह एक वक्त पर दो जिस्म एक जान थे। अक्षरा पवन पर जान छिड़कती थीं। हालांकि धीरे धीरे दोनों का रिश्ता बिगड़ने लगा। मामला यहां तक बिगड़ गया कि अब दोनों कट्टर दुश्मन हो गए हैं।अक्षरा सिंह का आरोप है कि रिलेशनशिप के दौरान पवन सिंह ने उन्हें काफी परेशान किया था। इन दिनों पश्चिम बंगाल की लोकसभा सीट आसनसोल चर्चा में बनी हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने इस सीट से भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह को उम्मीदवार बनाया था। पर उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। इस बीच सोशल मीडिया पर चर्चा ज़ोरो पर थी कि आसनसोल से भोजपुरी की ही मशहूर एक्ट्रेस और पवन सिंह की एक्स गर्लफ्रेंड अक्षरा सिंह चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि बीजेपी ने अब वहां से एसएस अहलूवालिया को मैदान में उतारा है।



अक्षरा सिंह और पवन सिंह एक वक्त पर काफी अच्छे दोस्त थे। फिर दोनों ने एक दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया था। पवन से अक्षरा कैसे मिलीं? इसका जवाब खुद उन्होंने एक इंटरव्यू में दिया था। अक्षरा ने कहा था, "इंडस्ट्री में कुछ फिल्में करने के बाद मेरी मुलाकात हुई ।

## फूलों का जलवा

न्यूयार्क फैशन वीक के वार्षिक फ़्लूरोटिका फैशन शो में फ्लोरल गाउन और हेडपीस गारफ़ील्ड ने पार्क कंज़र्वेटरी पर रौनक बिखेर दी। फ़्लूरोटिका थीम को दर्शकों ने खूब पसंद किया। डिजाइनर ने अपनी क्रिएटिविटी को नए आयाम देते हुए फूलों से भरी ड्रेस अपने मॉडल को दी।



लाइफ स्टाइल

# लंबे समय तक टिका रहेगा बालों का कलर, जानें तरीका



बालों में कलर करना आजकल लोगों को काफी पसंद है। लेकिन यह तो अजीब लगता है। जब यह हटने लगता है। इससे बालों का टेक्सचर भी खराब होने लगता है। इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सपर्ट सलाह लें।

बालों को हेल्दी रखना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन आजकल लोग हेयर ट्रीटमेंट के साथ-साथ बालों में कलर करना भी काफी पसंद कर रहे हैं। अलग-अलग तरह के कलर लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। कई सारे लोग डबल शेड के कलर को अपने बालों में कराते हैं। वहीं कई लोग एक ही कलर को अपने बालों के आधे हिस्से पर करना पसंद करते हैं। लेकिन दिक्कत तब आती है जब कुछ समय बाद यह कलर खराब होने लगता है। इसके लिए आपको डॉक्टर सलोनी वोहरा के टिप्स को फॉलो करें। इसमें उन्होंने बताया है कि आप किस तरह से बालों के कलर को बचाकर रख सकते हैं। चलिए आपको भी इसकी जानकारी देते हैं।

**बालों को कलर करने से पहले डीप कंडीशनिंग ट्रीटमेंट लें:** बालों में कलर कराने से पहले अपने बालों के लिए डीप कंडीशनिंग ट्रीटमेंट जरूर लें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे बालों में किया गया कलर अच्छे से लग पाता है। साथ ही जब ये ट्रीटमेंट पूरा हो जाता है तो इससे बाल अच्छे और शाइनी लगते हैं। इसे कराने के बाद आपके बाल भी कम डैमेज होते हैं। इसलिए आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकती हैं।

**कलर प्रोटेक्टिंग हेयर प्रोडक्ट का करें इस्तेमाल:** जब भी आप बालों को कलर कराते हैं तो जिस जगह से आप इन्हें करवाते हैं। वहां से आपको कुछ ऐसे प्रोडक्ट मिलते हैं जिन्हें आपको इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि आपके बालों का कलर लंबे समय तक टिका रहे। यह कलर प्रोटेक्टिव प्रोडक्ट होते हैं। जिससे बाल हेल्दी रहते हैं। आपको इसे इस्तेमाल करना नहीं छोड़ना चाहिए। इससे बालों का कलर लंबे समय चलता है।

# पार्टी में स्टाइल करें चेक डिजाइन आउटफिट्स



फैशन

पार्टी में जाने के लिए आप अगर किसी अलग तरीके के डिजाइन के आउटफिट को सर्च कर रही हैं, तो इस बार आप चेक आउटफिट को स्टाइल करें। इसमें आपका लुक काफी अच्छा लगेगा।

पार्टी में जाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन वहां जाने के लिए अक्सर हम एक ही चीज को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि क्या पहनकर जाया जाए। इसके लिए हम कई सारे कपड़ो को वॉर्डरोब से बाहर निकालते हैं, ताकि अगर कुछ समझ आए तो उसे स्टाइल करें। लेकिन ऐसा नहीं होता है। ऐसे में आप इस बार चेक डिजाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करें। चेक डिजाइन वाली ड्रेस अच्छी लगती हैं और लुक को अलग दिखाती हैं। इसमें आपको ऑप्शन भी कई सारे मिल जाते हैं। चलिए आपको बताते हैं किन ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं।



**मैक्सी ड्रेस:** आप अगर डे पार्टी के लिए आउटफिट ऑप्शन सर्च कर रही हैं तो इसके लिए आप चेक डिजाइन वाली मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके आप सबसे अलग और अट्रैक्टिव नजर आने वाली हैं। इसमें आपको ए लाइन मैक्सी ड्रेस और स्लिट कट मैक्सी ड्रेस के ऑप्शन मिल जाएंगे। इस ड्रेस के साथ आप पर्ल ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**ए लाइन ड्रेस करें स्टाइल :** आप चेक डिजाइन में ए लाइन ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको फ्रॉक स्टाइल ड्रेस मिलेगी। आप इस तरह की ड्रेस में बड़े और छोटे प्रिंट की ड्रेस मिल जाएगी। जिससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इसमें कलर के भी कई सारे अच्छे ऑप्शन देखने को मिलेंगे। इसमें आपको कॉलर नेकलाइन और वी नेकलाइन की ड्रेस देखने को मिल जाएगी। जिससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट से इस तरह की ड्रेस 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**को ऑड सेट करें स्टाइल:** आउटफिट स्टाइल करना हर किसी को पसंद होता है। पार्टी में जाने के लिए हम अलग-अलग डिजाइन के आउटफिट को सर्च करते हैं।

# पुरानी साड़ी से बनाएं खूबसूरत आउटफिट्स, लोग करेंगे तारीफ



पुरानी साड़ी को अलमारी में रखने की बजाए उसे दोबारा रीयूज करें और अलग-अलग डिजाइन की ड्रेस तैयार करवाएं। इससे आपको मार्केट जाकर पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जब भी हमें कहीं बाहर जाना होता है तो इसके लिए हम काफी समय पहले से ही शॉपिंग करना शुरू कर देते हैं। किसी को एथनिक आउटफिट खरीदना पसंद होता है तो कोई अपने लिए वेस्टर्न ड्रेस को खरीदता है। लेकिन जो कपड़े हमारी अलमारी में पहले से ही रखे हुए होते हैं उसे इस्तेमाल करना हम भूल जाते हैं। साड़ी के साथ भी अक्सर ऐसा ही होता है। कई सारी साड़ी ऐसी होती हैं, जिन्हें इस्तेमाल करने के बारे में हम कई बार भूल जाते हैं। लेकिन इस बार आपको बाजार से जाकर ड्रेस लेने की जरूरत नहीं है। बल्कि हम आपको बताएंगे। आपकी अलमारी में रखी साड़ी को आप कैसे इस्तेमाल कर सकती हैं।

**पुरानी साड़ी से बनाएं प्लाजो:** अगर आपके पास सिल्क की ऐसी कोई साड़ी रखी है जो इस्तेमाल में नहीं आ रही है तो इसके लिए आप प्लाजो रेडी करा सकती हैं। यह आसानी से बन जाता है और किसी भी टॉप के साथ वियर किया जा सकता है। आप चाहें तो इसके ऊपर पहनने वाली स्लिट कुर्ती के साथ भी आप इसे वियर कर सकती हैं। जिससे लुक अच्छा लगे। इस तरह के प्लाजो में आप अपने हिसाब से घेर भी तैयार करा सकती हैं। जिससे वो अच्छा लगे।

**पुरानी साड़ी से बनाएं बांधनी अनारकली सूट:** अगर आपके पास पुरानी बांधनी साड़ी रखी है तो आप इसे रीयूज करके अनारकली सूट तैयार कर सकती हैं। आजकल इस तरह के सूट काफी ट्रेंड में है और अच्छे लगते हैं। ऐसे में आप इन्हें बाजार से खरीदने की बजाए घर पर रखी साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करके अपने टेलर से तैयार करा सकती हैं। साथ ही आप जितना चाहें उतने घेर के अनारकली सूट को तैयार कर सकती हैं। इस तरह के सूट को नया टच देने के लिए आप इसमें टेस्ल लगा सकती हैं।

# दुल्हन के लिए खूबसूरत और लाइटवेट लहंगे की डिजाइंस जरूर अपनाएं

समय बहुत बदल चुका है और समय के साथ-साथ फैशन में भी बहुत बदलाव देखे जा रहे हैं। यदि ब्राइडल फैशन की बात की जाए, तो अब दुल्हनें भारी-भरकम जरी गोटे के काम वाले लहंगे को पहनना कम पसंद करती हैं। हालांकि, इस तरह के लहंगों का क्रेज अभी भी बरकरार है, मगर अब लाइटवेट ब्राइडल लहंगे लड़कियों को ज्यादा भाते हैं। इस तरह के लहंगों में आपको बहुत सारी वेराइटी भी मिल जाएंगी। आजकल फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया बनारसी सिल्क लहंगा भी बहुत ज्यादा ट्रेंड में है।

वाराणसी में हुए एक फैशन शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने बनारसी सिल्क फैब्रिक से बना बहुत सिंपल सोबर ब्राइडल लहंगा पहन कर रैंप वॉक किया था। इस लहंगे को महिलाओं के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। बनारसी सिल्क को पूरी दुनिया बहुत पसंद किया जाता है और यह बहुत ही फाइन एवं सॉफ्ट सिल्क की केटेगरी में आता है।

इस तरह के लहंगे आप भी अपनी शादी के लिए तैयार करा सकती हैं। आपको बनारसी सिल्क में भी बहुत सारी वेराइटी मिल जाएगी। अगर आप प्योर सिल्क का लहंगा नहीं अफोर्ड कर पा रही हैं, तो ब्रोकेड सिल्क और रॉ सिल्क में आपको बहुत सारी वेराइटी मिल जाएंगी, जिनके लहंगे बनने के बाद बहुत ज्यादा अच्छे लगते हैं। वैसे इस आर्टिकल में हम आपको लाइटवेट ब्राइडल लहंगों के और भी कुछ विकल्प दिखाएंगे।



**रेड कंटेम्प्रेरी ब्राइडल लहंगा :** जरूरी नहीं है कि आप सिल्क, साटन, वेल्वेट या रॉ सिल्क से तैयार ब्राइडल लहंगे का ही चुनाव करें।


आजकल ट्यूल फैब्रिक से तैयार लहंगों में सेल्फ कलर सीक्वेंस वर्क को काफी पसंद किया जा रहा है।

## कार्नर न्यूज

अब दौर है आर्टिफिशियल ज्वेलरी का, इन्हें सहेज कर रखना भी एक कला

# महंगी आर्टिफिशियल ज्वेलरी को ऐसे करें स्टोर, सालों-साल नहीं पड़ेगी काली


ऑक्सीडाइज ज्वेलरी हो या मोती के सेट महिलाओं के पास एक या दो नहीं बल्कि कई सारे आर्टिफिशियल ज्वेलरी होती है। आर्टिफिशियल ज्वेलरी की खास बात यह है कि ये सोने और डायमंड से कम दाम पर मिलते हैं और पहनने पर खूबसूरत भी लगते हैं। सभी महिलाओं को ट्रेंड के हिसाब से गहने पहनने का शौक होता है। वैसे भी अभी शादियों का सीजन चल रहा है और इस समय लोग खूब सारे तरह-तरह के आर्टिफिशियल सेट और झुमके ले रहे हैं। आर्टिफिशियल ज्वेलरी लेना तो आसान है, लेकिन उनका रखरखाव करना मुश्किल। जरा सी लापरवाही और महंगे से महंगे ज्वेलरी हो जाएंगे खराब। आपके महंगे ज्वेलरी जल्दी खराब न हो और सालों साल नई जैसी चमक बरकरार रखे इसके लिए आज हम कुछ टिप्स शेयर करेंगे।



**मोती की ज्वेलरी को इस तरह से करें स्टोर:** मोती की इयर रिंग्स हो या नेकलेस इसे कभी भी दूसरे ज्वेलरी के साथ प्लास्टिक और दूसरे मैटल के स्टोरेज बॉक्स में न स्टोर करें। हमेशा मोती के गहनों की शाइन बरकरार रखने के लिए उन्हें लकड़ी के डिब्बों में स्टोर करें। लकड़ी के बॉक्स में कपड़े या वेलवेट के रुमाल बिछाकर मोती के गहनों को रखें।

**अमेरिकन डायमंड ज्वेलरी को ऐसे करें स्टोर:** अमेरिकन डायमंड गहनों को पहनने के बाद कभी भी उसमें पानी न पड़ने दें, पानी पड़ने के बाद जल्दी ही ऐडी ज्वेलरी काले पड़ने लगते हैं और उनकी शाइन खत्म हो जाती है। कभी भी एडी ज्वेलरी को किसी दूसरे मेटल के ज्वेलरी के साथ ऐसे ही न रखें। ऐडी के गहनों को अलग वेलवेट (वेलवेट साड़ी लुक) वाले बॉक्स में रखें, ताकि कोई स्क्रैच या नमी न आए।

**गहनों के रखरखाव में न करें ये गलती:** हमेशा गहना पहनने के बाद ज्वेलरी में पानी न पड़ने दें, फेश या हैंड वॉशकरते वक्त गहनों को पानी से बचाएं। पानी पड़ने के बाद ज्वेलरी जल्द ही काले होने शुरू हो जाते हैं। कभी भी मेकअप लगाने से पहले गहने न पहनें, नहीं तो आपके कैमिकल बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट गहनों में लग जाएंगे और गहनों की चमक को खराब करेंगे। आर्टिफिशियल ज्वेलरी को हमेशा खुले में सजाकर न रखें, खुले में रखने से ज्वेलरी में हवा लगती है, जिससे गहनों की शाइन और कलर पर असर पड़ता है। एक साथ सभी गहनों को कभी न रखें, नहीं तो एक दूसरे की पॉलीश और कलर रिएक्ट होकर गहनों को काला करते हैं। चाहें तो जिपलॉक बैग में भी आप ज्वेलरी आइटम को स्टोर कर सकते हैं, यह बैग ज्वेलरी को हवा और नमी से बचाएगा।



21 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 4/21/2024 9:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### कृषि मंत्री से आधुनिक खेती को बढ़ावा देने की गई चर्चा

**बिश्रामपुर।** ग्राम सिलफिली निवासी यू ट्यूबर व आधुनिक खेती के सलाहकार दितेश राय ने प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम से मुलाकात कर कृषि क्षेत्र को और आधुनिक करने के साथ जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष चर्चा की। गौरतलब है कि दितेश राय कृषि क्षेत्र को और आधुनिकीकरण करने के साथ ही रासायनिक खाद के उपयोग को कम करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए आह्वान किया गया। इसके साथ कम आमदनी वाले किसानों को मिलने वाले ड्रिप इरीगेशन में मिल रही छूट को 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक करने के संबंध में चर्चा की गई।दितेश राय ने कृषि मंत्री नेताम से क्षेत्र में हो रहे आधुनिक खेती के बारे में अवगत कराते हुए पंडो व पिछड़ी जनजाति के लिए भी कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने हेतु आवश्यक चर्चा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में खेती अब काफी आधुनिक हो चुकी है। इजराइल की तकनीक का उपयोग कर छत्तीसगढ़ भी खेती की दिशा में काफी आगे बढ़ रहा है और इसका सीधा लाभ किसानों को भी मिल रहा है। दितेश राय ने कई अमानक रासायनिक कीटनाशकों को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के लिए कृषि मंत्री को अवगत कराया और इससे हो रहे नुकसान के बारे में जानकारी दी।

### शाला के शिक्षकों ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**लखनपुर।** शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला, सलका में शिक्षकों ने शनिवार को शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। न्योता भोज में बच्चों को पौष्टिक भोजन परोसा गया। इस दौरान बीईओ प्रदीप राय, अजय राय, राजेश कुमार उपाध्याय, मधुकर सिंह, प्रधान पाठक श्रीमती प्रभा एक्का, राजेश सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सतपता स्थित टेंट हाउस गोदाम में लगी आग, वजह स्पष्ट नहीं

**बिश्रामपुर।** नगर से लगे ग्राम सतपता में शहजाद टेंट हाउस के गोदाम में बीती रात अचानक आग लग गई।आग किन कारणों से लगी और आग से कितनी राशि की क्षति पहुंची है ये अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है, आग लगने की सूचना सुबह टेंट संचालक शहजाद द्वारा बिश्रामपुर थाना में लिखित में दी गई है।गौरतलब है कि शिवनन्दनपुर निवासी मोहम्मद शहजाद अपने टेंट सम्बंधित सामान सतपता में किराए के गोदाम में रखकर संचालन करता है, रोजाना की तरह देर रात काम निपटाने पश्चात गाड़ी से सामान को उतरवाकर गोदाम में ताला लगा घर की ओर रवाना हुआ,अगले दिन सोमवार की सुबह खबर मिली कि गोदाम में आग लग गई है, मौके पर संचालक द्वारा जाकर देखा तो पाया कि शटर में लगे ताले को काटा गया है, मौके पर कटा हुआ ताला साइड में पड़ा मिला।पुलिस ने बताया कि नुकसान के आंकलन के बाद आगजनी का मामला कायम किया गया है ।

## पुत्र के साथ गई थी महुआ फूल बीनने

# तमोर पिंगला अभयारण में वृद्धा पर हाथी ने किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

वन विभाग के निष्क्रियता और लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। हाथी विचरण क्षेत्र होने के बावजूद तमोर पिंगला अभ्यारण में ग्रामीणों को जाने से रोकने में विभाग असफल रही। ऐसे में हाथी से आमना सामना होने से ग्रामीणों को अपनी जान गवानी पड़ती है। ऐसा नहीं है कि वन विभाग को इसकी जानकारी नहीं बावजूद इसके विभाग के कुंभकरण नींद सो रहे है। आज दोपहर भी बेटे के साथ अभ्यारण में महुआ फूल बीनने गई वृद्धा का हाथी से आमना सामना हो गया जिससे हाथी ने हमला कर वृद्धा को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि पुत्र ने भागकर अपनी जान बचाई। इधर हाथी के हमला करने तथा वृद्धा की मौत हो जाने पर वन विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**खास बात**

- लगवाना नाला के समीप हाथी हुआ आमना सामना

जानकारी के अनुसार ग्राम सोनहत सरना निवासी प्रभावती कुशवाहा पति रामाशंकर कुशवाहा (50 वर्ष) आज सुबह 8 बजे पुत्र के साथ तमोर पिंगला अभ्यारण के गेम रेंज पिगला बीट कुदरू घाट के कक्ष क्रमांक आरएफ 417 में महुआ फूल उठाने के लिए पिंगला जंगल के अंदर गई थी। महुआ फूल बिनते के पश्चात मां -बेटा 12 बजे घर वापस जाने के लिए जंगल से निकले थे। जैसे ही मां-बेटा जंगल के बीट कुदरू घाट आरएफ 417 में ही लगवना नाला के पास पहुंचे तभी अचानक हाथी से आमना सामना हो गया। मां-बेटा हाथी को देख भयभीत हो गए और कुछ समझ पाते इससे पहले ही हाथी ने प्रभावती कुशवाहा पर हमला कर सूंड से लपेट जमीन पर पटक उसके सिर को कुचल दिया जिससे वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। इधर पुत्र मां को हाथी द्वारा पटकते देखकर भागकर अपनी जान बचाई और सोनहत गांव पहुंच कर परिजन सहित गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र रघुनाथ नगर के वन अमले को सूचना दिया। तमोर पिंगला अभ्यारण का मामला होने पिंगला परिक्षेत्र के परिक्षेत्र अधिकारी मोहन राम भगत को सूचना दिया गया। परिक्षेत्र अधिकारी अभ्यारण तमोर पिंगला के वरिष्ठ अधिकारियों सूचना देकर मौके पर पहुंच शव पंचनामा व पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया।



लाश को उठाते परिजन व ग्रामीण।

**समझाइश के बाद भी नही मानते ग्रामीण**

ग्रामीणों को आय का एक माध्यम महुआ फूल है जो सिर्फ गर्मी के मौसम होता है। ऐसे में वन विभाग की समझाइश के बावजूद ग्रामीण हाथी प्रभावित क्षेत्र में जान जोखिम में डालकर महुआ फूल बिनने जाते है। गर्मी के मौसम के मद्देनजर वन विभाग द्वारा लगातार ग्रामीणों को जंगल, पहाड़ों में आग नहीं लगाने की समझाइश देते है। आग लगाने की स्थिति में ही हाथी ज्यादा भयभीत होकर आक्रामक होकर ग्रामीणों पर हमला कर देते है। इसके बावजूद ग्रामीण महुआ पेड़ के नीचे साफ-सफाई करने के लिए पत्तों में आग लगा देते है जो हवा के साथ जंगल में फैल जाती है। वन विभाग की टीम समझाइश तो देते है परंतु ग्रामीणों से अमल नहीं करा पाते जिससे इस प्रकार की घटनाएं होती है।

**दी गई सहायता राशि**

अभ्यारण के लगवना नाला के समीप हाथी द्वारा वृद्धा को कुचल कर मार देने की जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंचे। शव का पीएम कराने के पश्चात विभाग के अधिकारियों ने मृतिका के पति रामा शंकर को तत्काल 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि दी जिससे परिजन ने मृतिका की अंतिम संस्कार कर सके।



## पुलिस ने अभियान चलाकर की विभिन्न जगहों की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/बिश्रामपुर

सरगुजा मुख्यालय में व्हीव्हीआईपी आगमन को लेकर सूरजपुर पुलिस एलर्ट है। पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले में रुके बाहरियों और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उप पुलिस महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया गया। डीआईजी,एसएसपी का फरमान मिलते ही शनिवार को एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में जिले में एक साथ चेकिंग अभियान चलाया गया।

- होटल, लॉज संचालकों को पूर्ण विवरण थाने में देने दिए निर्देश

होटलों की चेकिंग के साथ ही सार्वजनिक स्थल भी जांच किया गया। पुलिस टीम द्वारा सभी होटलों, ढ़ाबा, बस व रेलवे स्टेशनों पर सघन जांच की। होटल, लॉज संचालकों को होटलों में ठहरने वाले लोगों से उनका आईडी प्राप्त कर उसकी सही तरह से जांच करने के साथ ठहरने वाले लोगों से शहर में आगमन का उद्देश्य के अलावा कहां व किस कार्य से आए हैं इसका विवरण लेने के बाद ही होटल में ठहरने देने के के निर्देश दिए। होटल में ठहरने वाले ग्राहकों के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के साथ इसकी सूची थाना को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने होटल संचालकों को निर्देश दिया कि उनके होटल में कोई पुलिस पदाधिकारी ही क्यों न ठहरे हो उनसे भी आई कार्ड लेकर ही ठहरने दें। पुलिस के अधिकारी व जवानों ने बस व रेलवे स्टेशन पर जांच कर संदिग्ध सामान की तलाशी ली। चुनाव को लेकर बनाए गए अंतर्राज्यीय नाका सहित सरहदी जिले के बॉर्डर पर स्थित नाकाबंदी प्वाइंट पर सभी वाहनों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। विभिन्न स्थानों पर पुलिस के जवानों को संदिग्धों पर नजर रखने सादे कपड़ों में लगाया गया है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## अध्यात्म दर्शन समझने के लिए गीता का अध्ययन जरूरी

**अम्बिकापुर।** अध्यात्म दर्शन और गृहस्थ आश्रम विषय पर महामना मालवीय मिशन के तत्वाधान में कामदा एकादशी तिथि को विजय शंकर यादव के निवास पर आध्यात्मिक संवाद सह गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीता के अध्याय 16 की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। गीता मर्मज्ञ पं.ललित मोहन तिवारी ने कहा कि अध्यात्म दर्शन को समझने के लिए गीता का अध्ययन करना चाहिए। गीता में अध्यात्म और गृहसथ जीवन के विभिन्न पहलुओं पर भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को समझाया है। व्यक्ति कुछ भी बन जाये, वह कर्म से विमुख नहीं हो सकता। ब्रह्म शंकर सिंह ने का कि गृहस्थ आश्रम के मूलमंत्र को जो समझ गया वह परिवार और समाज को कुशलता से संचालित कर सकता है। रणविजय सिंह तोमर ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संयुक्त परिवार विघटन की ओर जा रहा है जिससे समाज को बहुत बड़ी क्षति हो रही है। भारतीय दर्शन भाईचारे का संदेश देता है और परिवार से ही भाईचारा समाप्त हो रहा है। प्रकाश कश्यप ने कहा कि संयुक्त परिवार में सभी भाई एक साथ बैठकर भोजन करते थें और घर की कन्याएं भोजन परोसती थी। आज इसका अभाव है। परिवारिक संवाद में भी कमी आ गई है जिससे परिवार विघटन की ओर जा रहा है। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति कुटुम्ब प्रबोधन की महत्ता को बड़े बुजुर्गों से भली-भांति समझते थे। बुजुर्गों को सुविधाएं दी जा रही है पर उनसे लोग बातें नहीं करते। उनके साथ उठना-बैठना कम होते जा रहा है साथ में भोजन भी नहीं करते जिसका दुष्परिणाम परिवार पर पड़ता है और परिवार खण्डित हो रहा है। पं.राज नारायण द्ववेदी ने कहा कि मालवीय मिशन के गीता पाठ अभियान का उद्देश्य धार्मिक गतिविधियों से नहीं है। परिवार और समाज में संस्कार को बढ़ावा देना, सुसंस्कारी समाज का निर्माण करना तथा लोग भारतीय दर्शन को समझें यही हमारा उद्देश्य है। हरिशंकर सिंह ने कहा कि भारतीय दर्शन का मूलमंत्र गीता में निहित है। गीता धार्मिक, आध्यात्मिक ग्रंथ के अलावा व्यक्ति में परिवार और समाज के सही संचालन का गुण सिखाती है। आभार प्रदर्शन मदनमोहन मेहता ने किया। इस दौरान सुमित्रा यादव, रामनारायण शर्मा, शैलेन्द्र यादव, अशोक सोनकर, सचिदानंद पाण्डेय, बीएल गुप्ता, आरएन अवस्थी, सुशीला यादव आदि उपस्थित थे।

- मालवीय मिशन के सदस्यों ने बताया 16वें अध्याय का महत्व



## हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड रामायण पाठ आज से प्रारम्भ

**बिश्रामपुर।** नगर के बस स्टैंड के पास स्थित दक्षिण मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में बजरंगबली जन्मोत्सव 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर आज 22 अप्रैल को श्री अखंड रामायण पाठ प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी, जो 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर समाप्ति होगी। यहां पर हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी।अखंड रामायण समाप्ति पश्चात प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह आरटीआई कालोनी में स्थित हनुमान मंदिर में भी प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। मंदिर समिति द्वारा अधिकाधिक भक्तों से इस पुनीत कार्य में शामिल होने हेतु आह्वान किया गया है।



TOP IN SURGUJA

क्या आप परेशान है इन सबसे
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, नशे की लत, मंद बुद्धि, सेक्स समस्या, याददाश्त की कमी, शक करना, पागलपन
इन सभी समस्याओं के लिए सम्पर्क करें
यदि आप उपरोक्त लक्षणों में से किसी एक से पीड़ित है तो आपको जाँच की आवश्यकता है
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
आपके शहर अम्बिकापुर सुप्रसिद्ध जाने माने मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
डॉ.रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS BANGALORE)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
24 HOUR EMERGENCY SERVICE
दिनांक - 16 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024, समयः सुबह 10 बजे से 3 बजे तक शामः 5 बजे से 8 बजे तक
पता बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज के सामने, अम्बिकापुर
9424250281, 8120906000, 8120809000

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्धति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीपः- प्रत्येक माह के द्वतीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (सांस लेने में तकलीफ), टाईफाईड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

## सब्जी बेचने की जगह को लेकर दो महिलाएं आपस में भिड़ी, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अग्रसेन चौक पर दुकान लगाने को लेकर दो महिलाएं आपस में भिड़ गईं। मारपीट से एक महिला घायल हो गई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौक के समीप पाबंदी के बावजूद हर रोज सब्जी बाजार सजता है। जहां महिलाओं का दबदबा है। आज इसी बाजार में जगह को लेकर सब्जी बेचने वाली दो महिलाएं आपस मे भिड़ गई और एक दूसरे की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से एक महिला घायल हो गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- दोनो पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने दर्ज किया काउंटर अपराध

जानकारी के अनुसार साहू गली निवासी इंद्रावती बाई ने थो में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 अप्रैल को गर्ल्स स्कूल के सामने सब्जी दुकान लगाई थी। इसी दौरान बगल के नारायणपुर निवासी श्याम बाई साहू ने सब्जी दुकान लगाई थी। श्याम बाई अपने प्याज को उसके जगह पर रख दी और जब हटाने के लिए कहा तो गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगी। इसी बीच श्याम बाई, दिलमति और पुत्र मुकेश साहू ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। वही दूसरे पक्ष के मुकेश साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गर्ल्स स्कूल के सामने सब्जी दुकान लगाए थे। इसी दौरान बगल में दुकान लगाई इंद्रावती ने उसके तरफ रखे प्लाज को हटाने के लिए बोली और गाली गलौज करते हुए प्याज को फेंक दी। साथ ही विवाद करने लगी तभी उसके दोनों पुत्र बिन्देश साहू व सूरज साहू आ गए और तीनों ने मिलकर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट से घायल हुई एक महिला को अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां घायल का उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध समान धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



### वाहन की टक्कर से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम कापू निवासी अमाती बाई पति कुंवर साय (60 वर्ष) शुक्रवार को गांव में ही साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गई थी। शाम को महिला पैदल घर जा रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन महिला को कापू स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज दोपहर महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S. , M.D. DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु।
21 अप्रैल 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

## खबर संक्षेप

### ईवीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों की कमिशनिंग का दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशानुसार और निर्वाचन प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में ईवीएम एवं व्ही व्ही पैट. मशीनों का कमिशनिंग करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पीसी सोनी द्वारा कमिशनिंग करने वाली टीम को उनके कार्य और जिम्मेदारी को बताया गया। उन्होंने अधिकारी, कर्मचारियों को अवगत कराया कि कमिशनिंग का कार्य बहुत ही संवेदनशील कार्य है, जिसमें पूरी गंभीरता के साथ निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम एवं व्ही व्ही पैट मशीनों को तैयार किया जाना है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से कमिशनिंग की प्रक्रिया को बताया गया। कमिशनिंग कार्य करने वाले अधिकारियों यह बताया गया कि मतदान दलों को ईवीएम एवं व्ही व्ही पैट देने से पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर स्तर पर मशीन को तैयार किया जाता है। बैलेट यूनिट को तैयार करने के लिए मतपत्र स्क्रीन में मतपत्र को लगाया जाना, कैंडिडेट बटन को मॉस्क और अनमॉस्क करना, थम्बविल को उचित पोजीशन में सेट करना, एक बैलेट यूनिट उपयोग होने पर थम्बविल स्थिति 1 की स्थिति में रखना, बैलेट यूनिट के टॉप और बॉटम एड्रेस टैग द्वारा सील्ड करना, उस पर पिंक पेपर सील लगाना, बैलेट यूनिट के कैरी बॉक्स के हैंडल पर एड्रेस टैग लगाना के बारे बताया गया। व्ही व्ही पैट के तैयारी के अन्तर्गत व्ही व्ही पैट में नया बैटरी, नया पेपर रोल लगाना, इंजीनियर द्वारा सिम्बल लोडिंग करना, स्लाईड स्वीच को एक की स्थिति में सेट करना के बारे में जानकारी दी गई।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण घायल अपराध पंजीबद्ध

**अम्बिकापुर।** ज्वारा देखने जा रहे ग्रामीण को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में ग्रामीण घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम द्वारिकापुर निवासी सुद्धू राम राजवाड़े 13 अप्रैल की रात ज्वारा देखने घर से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 29 एएफ 3979 का चालक शिवमंगल लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण घायल हो गया। परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। पुत्र ने पिता का उपचार कराने के पश्चात गत दिन घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### किराए के मकान में रह रहे शिक्षक ने लगाई फांसी

**अम्बिकापुर।** तहसील मुख्यालय रामानुजगंज में किराए के मकान में रह रहे शिक्षक विशाल दत चौबे पिता मुरलीश्याम राही ने बीती रात फांसी लगा ली। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तो शिक्षक का शव फांसी पर लटका था। पीएम उपरांत पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी ललित यादव ने बताया कि मृतक नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित नंदलाल गुप्ता के किराए के मकान में लम्बे समय से रह रहा था। रविवार को मकान मालिक शिक्षक का कमरा बंद देख दरवाजा खटखटाने पहुंचे। काफी आवाज देने के बावजूद शिक्षक ने दरवाजा नहीं खोला। कमरे का दरवाजा व खिड़की भीतर से बंद होने के कारण पुलिसकर्मी ने सीढ़ी लगाकर रोशनदान से देखा शिक्षक फांसी पर लटका था। कमरे के शेड को हटाया गया तो शिक्षक का शव पाइप से तौलिए के सहारे लटका मिला। पुलिस शिक्षक द्वारा फांसी लगाने के पीछे पारिवारिक अंतर्कलह को प्रथम दृष्टया कारण मान रही है।

### पीएमश्री स्कूल के छात्राओं ने बनाई रंगोली

**चरचा कॉलरी।** देश में चल रहे लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर जगह-जगह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कोरिया जिले में तृतीय चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान होना है, इसको लेकर चरचा क्षेत्र के पीएम श्री स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रंगोली अभियान का आयोजन किया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चों के माध्यम से समाज में एक नया संदेश देने की कोशिश की गई, जिससे बढ़ चढ़कर मतदान हो सके। मतदान का इंतजार कोरिया है तैयार, स्कीम के आगे रंगोली बनाकर चरचा क्षेत्र वासियों को अच्छा संदेश दिया। इस कड़ी लोकतंत्र के महापर्व टूटने न पाए, एक भी मतदाता छूटने न पाए, जहां आम मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित होना होगा, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर मतदाता बढ़-चढ़कर मतदान करें।

## विक्षोभ के प्रभाव से गर्मी से मिलेगी राहत

# बादलों की आवाजाही बढ़ने से दिन के तापमान में 1 डिग्री गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



**खास बात**
- दो दिन बाद हल्की वर्षा होने की संभावना

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण पिछले दो दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। आगे आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज हवाएं चलने एवं कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने का अनुमान है। विक्षोभ के प्रभाव से आगामी चार-पांच दिनों तक गर्मी से कुछ राहत रहेगी।

विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद फिर से गर्मी अपने तेवर दिखाएगी। लम्बी राहत के बाद पिछले तीन दिनों से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में भीषण गर्मी पड़ रही है। इस बार शुक्रवार को पहली बार सूरज ने आग बरसाना शुरू किया था जिससे लोग पूरे दिन हलाकान रहे। इस दौरान दिन का तापमान 40.5 डिग्री पहुंच गया था। शनिवार को तापमान में मामूली गिरावट हुई। इधर पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू हुई तो दोपहर बाद गर्मी से कुछ राहत मिली तथा दिन के तापमान में 1.0 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञानी अब आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तापमान में क्रमशः गिरावट आने की संभावना व्यक्त कर रहे है। विक्षोभ का प्रभाव 22 की शाम तक उत्तर छत्तीसगढ़ में पहुंचने का अनुमान है।

मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से 22 अप्रैल की रात एवं 23 अप्रैल की सुबह तेज हवाओं एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। विक्षोभ के प्रभाव से दिन के तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट होने एवं आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण रात के तापमान में 2 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है। बीती रात भी शहर में कहीं-कहीं बूंदा बादी हुई। मौसम विज्ञानी 22 अप्रैल को उत्तर भारत में एक नया विक्षोभ सक्रिय होने एवं वर्तमान में सक्रिय विक्षोभ में उसके समाहित होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। फिलहाल विक्षोभ के प्रभाव से 25 अप्रैल तक गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर तापमान में वृद्धि होगी तथा झुलसाने वाली गर्मी पड़ेगी। वर्तमान में पश्चिमी मध्यप्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान एवं गुजरात में गर्म हवा के थपेड़े चल रहे हैं। मौसम विज्ञानी अप्रैल के अंत में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री रिकार्ड किया गया है। दिन के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट होने के बावजूद अम्बिकापुर में दिन का तापमान औसत से 2 डिग्री अधिक है।

# हनुमान जयंती की तैयारियां जोरों पर मंगलवार को होंगे विविध अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल को श्रद्धा व उत्साह के साथ हनुमान जयंती मनाई जाएगी। हनुमान जयंती को भव्य बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। मंदिरों को भव्य रूप से सजाने के साथ ही रंग-बिरंगी झालरे लगाई जा रही हैं तथा तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। इस बार हनुमान जयंती मंगलवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर विशेष योग-संयोग भी बन रहे हैं। पौराणिक मान्यता है कि भगवान हनुमान का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मंगलवार के दिन हुआ था। संयोग से इस बार पूर्णिमा तिथि को मंगलवार है। पौराणिक मान्यता के अनुसार मंगलवार को भगवान हनुमान का जन्मोत्सव होने के कारण इस दिवस को खास माना जा रहा है। इस बार ज्योतिष की दृष्टि से मंगलवार को खास योग-संयोग बन रहे हैं। जिसके कारण इस दिवस का महत्व और अधिक बढ़ गया है। मंगलवार के दिन संकट मोचन की पूजा का विशेष महत्व है। इस दृष्टि से संकटमोचन के जन्मोत्सव को खास माना जा रहा है। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में युवकों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव भंडारा समिति का गठन किया गया है। समिति जनसहयोग से वर्ष 2007 से अनवरत हनुमान जयंती पर अखण्ड भंडारे का आयोजन करती है। महावीर लोक न्यास मण्डली द्वारा हनुमान मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। मंदिर को फूल-माला व रंग-बिरंगे लाइट से सजाया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्व भंडारा समिति के मनोज सोनी ने बताया कि भगवान हनुमान का जन्मोत्सव सुबह 5.30 बजे मनाया जाएगा। इस अवसर पर संकट मोचन की विशेष-पूजा आरती व हवन किया जाएगा। इसके बाद पूरे दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।

**लमगांव मंदिर में पहुंचे संत**

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत लमगांव स्थित स्वयंभू हनुमान मंदिर समिति द्वारा हनुमान जयंती की भव्य तैयारियां की जा रही है। मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव में शामिल होने बड़ी संख्या में संत पहुंचे हैं। सोमवार को अन्य संत पहुंचेंगे। समिति द्वारा मंदिर व संकट मोचन प्रतिमा की भव्य सजावट की जा रही है। इस अवसर पर दोनों मंदिरों में रामचरित मानस का अखण्ड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**होगी ध्वज की स्थापना**

हनुमान जयंती पर मंदिरों एवं घरों में ध्वज की स्थापना का विशेष महत्व है। हनुमान जयंती पर लोग अपने घरों में भी ध्वज की स्थापना करते हैं। हनुमान जयंती पर मंदिरों में विधि-विधान से नए ध्वज की स्थापना की जाएगी। ध्वज स्थापना के बाद अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

# माइक्रो आब्जर्वर्स पोलिंग बूथ में गतिविधियों पर रखेंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर



- दिया गया प्रशिक्षण

लोकसभा निर्वाचन के तहत दोनों विधानसभा क्षेत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण माहौल में कराने के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि निर्वाचन को पारदर्शिता से सम्पन्न कराने में माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को आगामी निर्वाचन से जुड़े उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में अवगत कराते हुए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप कार्य करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बूथ में होने वाली गतिविधियां नियमानुसार हो रही है कि नहीं अवलोकन करने, मतदान दलों के कार्यों का निरीक्षण, मतदान केंद्र पर मतदान से संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया के हरेक पहलुओं को सूक्ष्मता से ऑब्जर्व करने सबंधित विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में विषम परिस्थितियों में क्या करना इस संदर्भ में भी बताया गया जिससे मतदान का कार्य बिना किसी त्रुटि के सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर अपने क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी से भी निरंतर संपर्क में रहें। माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान दलों के रूट चार्ट, मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, माकपोल, वास्तविक मतदान, सीआरसी, मतदान प्रक्रिया और मतदान समाप्ति के पश्चात के सभी कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जरूरी बताते हुए माइक्रो आब्जरवर्स को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ की हर गतिविधियों की निगरानी रखने सहित रिपोर्ट तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण में नियुक्त माइक्रो आब्जरवर्स एवं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# वन विभाग जंगलों में कराएगा बड़-पीपल के पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



वन विभाग जिले के सभी नर्सरियों में फाइकस प्रजाति के पौधों का रोपण कराएगा। विभाग द्वारा पहली बार रसायनों की मदद से इस प्रजाति के पौधे तैयार किए जा रहे है। सरगुजा व मण्डल सहित संभाग के अन्य जंगलों में लगातार हाथियों की उपस्थिति रहती है।

हाथी बड़, पीपल सहित फाइकस प्रजाति के अन्य पेड़ों की डाल व पत्तों का उपयोग चारा के रूप में करते हैं। इन पौधों के फलों से पक्षी बीजों का विस्तार करते हैं। फाइकस प्रजाति के पौधे विशाल होते है तथा बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजाति के पक्षियों को आश्रय देते हैं। औषधि एवं पूजा में भी इस प्रजाति के पेड़ो की लकड़ी का उपयोग होता हैं। इस प्रजाति के पौधों के व्यापक उपयोग को देखते हुए वन विभाग ने जिले के विभिन्न रोपणियों में बड़ एवं पीपल प्रजाति के पौधों का रोपण कराने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा पहली बार प्रायोगिक तौर पर रसायनों की मदद से बड़-पीपल के पौधे कलम विधि से तैयार किए जा रहे है। गर्मी के मौसम में कलम विधि से बड़-पीपल के पौधे तैयार करने में सफलता मिलने से वन अधिकारी काफी उत्साहित हैं तथा अधिक से अधिक पौधे तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। तैयार पौधों को प्रायोगिक तौर पर प्रथम चरण में नई रोपणियों में लगाया जाएगा। इस संबंध में डीएफओ तेजस शेखर ने बताया कि बड़ एवं पीपल का धार्मिक महत्व होने के साथ ही पक्षियों व वन्य जीवों के लिए यह काफी उपयोगी है। फाइकस प्रजाति के पौधे बीज से तैयार करना संभव नहीं है। पक्षियों द्वारा इस प्रजाति के बीजों का विस्तार किया जाता है। पहली बार कलम विधि से पौधे तैयार किए जा रहे हैं। तैयार पौधों को बरसात के मौसम में रोपित किया जाएगा।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

**अम्बिकापुर।** ग्राम जगदीशपुर निवासी संजय राजवाडे आ. स्व. राम दुलार राजवाडे शनिवार की शाम गांव स्थित किराना दुकान में गुटखा खाने गया था। इसी दौरान गांव के ही राजा राजवाड़े पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब संजय ने मना किया तो उसकी जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## घर का शीट तोड़कर चोरों ले उड़े जेवर सहित बाइक

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर क्षेत्र में एक बार फिर चोर गिरोह सक्रिय हो गए है जो सूने मकान का निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे है। ग्राम दुरती में चोरों ने सिलसिलेवार घर व दुकान में धावा बोलकर सोने के जेवरात, बाइक सहित किराना दुकान से सामान पार कर दिया। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम दुरती निवासी ओम प्रकाश गुप्ता आ. लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता परिवार के साथ अलग घर में रहता है। 18 अप्रैल को छत्तरपुर अपने ससुराल में शादी कार्यक्रम होने पर अपने घर में ताला लगाकर चाबी को पिता को देकर चला गया। पिता 20 अप्रैल को पुत्र के घर को देखने गया और जैसे ही ताला खोलकर अंदर जाने लगा तो पता चला कि दरवाजा अंदर से बंद है। जिस पर लक्ष्मी प्रसाद ने घर के पीछे गया तो देखा दरवाजा खुला व कमरे में सामान बिखरे हुए है। चोरों ने घर के शीट को तोड़कर अंदर दाखिल हुए और पेटी में रखे सोने-चांदी के जेवरात के अलावा बाइक क्रमांक सीजी 15 जेड ई 6190 को चोरी कर ले गए। लक्ष्मी प्रसाद घर में चोरी होने पर शोर मचाया तो पता चला कि पड़ोस के राजकुमार गुप्ता आ. जगनारायण साव (44 वर्ष) के किराना और आटा मिल उसी रात चोरों ने दुकान का शीट तोडकर उसके दुकान का नगदी 3 हजार रुपए के अलावा सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने घर व दुकान से नगदी समेत लगभग 1 लाख कीमत के सोने-चांदी व बाइक चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# जयंती पर महावीर स्वामी का हुआ शांति अभिषेक, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर






महावीर जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर चोपड़ापारा में समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर स्वामी का भव्य शांति अभिषेक किया गया। इस अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान दिगंबर एवं श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा जगह-जगह भगवान महावीर की आरती एवं स्वागत किया गया। शोभा यात्रा शहर भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान सौरभ जैन द्वारा रचित पुस्तक माटी गान का विमोचन अध्यक्ष अशोक जैन, डॉ.एमके जैन, सचिव राजेश जैन, डॉ.अंजू गोयल, शुभकरण महनोत, विक्रांत जैन, रूबी जैन ने किया। सौरभ जैन ने बताया कि माटी के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने के लिए यह प्रेरणा दायक रचना है। कार्यक्रम में जैन धर्म की प्रमाणिक पाठशाला की रिनू जैन, काकुल जैन, रूबी जैन, सुषमा जैन द्वारा आयोजित विराथन दौड़ एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान महावीर जैन, अनिल जैन, डॉ.अभिजीत जैन, रमेश जैन, महेश जैन, दिनेश जैन, विवेक जैन, विक्रांत जैन, विक्रम जैन, विकास जैन, अखिलेश दनखेड़े आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### मामूली बात को लेकर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम से घर जा रहे युवक को मामूली बात को लेकर युवकों ने जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर रोड मणिपुर निवासी शुभम साहू आ. धनंजय साहू (24 वर्ष) बीती रात शादी कार्यक्रम में शामिल कर घर जा रहा था। इसी दौरान किराना दुकान के सामने खड़े रोशन राजवाड़े एवं एक अन्य साथी को खड़ा देख पूछताछ करने लगा तो रोशन ने विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि रोशन, दीपक सहित उसके एक दोस्त ने मारपीट करना शुरू कर दिया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# पलायन किए श्रमिकों से कलेक्टर ने की बात, गांव आकर वोट देने का किया आह्वान

- जिले से 845 श्रमिकों ने किया है पलायन

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने शनिवार को स्वयं वीडियो कॉल के जरिए पलायन हुए श्रमिक श्री ओमप्रकाश से बात कर उन्हें मतदान दिवस पर अपने गांव आकर मतदान करने का आह्वान किया। जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री भोस्कर के मार्गदर्शन में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर ने पलायन हुए श्रमिकों को मतदान दिवस पर मतदान के लिए घर वापस आने का आह्वान किया जा रहा है। विकासखंड मैनपाट के ग्राम कतकालो के ओमप्रकाश, गोवा पलायन किए हुए हैं। श्री भोस्कर ने वीडियो कॉल पर बात कर उनसे लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व पर सहभागिता निभाने की अपील करते हुए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए अवश्य अपने घर आने को कहा जिससे वे यहां अपना अमूल्य वोट दे सकें। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ के निर्देशनुसार प्रदेश में पलायन हुए श्रमिकों के लिए घर आजा संगी कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसके तहत श्रमिकों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए घर वापस आने की अपील की जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार तीनों विधानसभा क्षेत्र से 845 श्रमिकों ने पलायन किया है जिसमें से 488 श्रमिकों से संपर्क किया गया है और उन्हें मतदान के लिए वापस आने का आह्वान किया गया है। शेष श्रमिकों से भी संपर्क किया जा रहा है। जिससे उन्हें मतदान की जानकारी देते हुए मतदान अवश्य करने हेतु जागरूक किया जाये।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर, स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम.डी. फिजीशियन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध